क्रिकेट | रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ आगाज़, पहले दिन स्टार स्ट्राइकर्स और रॉयल विश्वकर्मा ने दर्ज की जीत

# वियाना प्रीमियर लीग सीजन-5 का रोमांच शुरू





**नवभारत, जबलपुर।** वियाना स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित वियाना प्रीमियर लीग सीजन-5 का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य आगाज़ हुआ। टूर्नामेंट की शुरुआत सभी टीमों की आकर्षक ओपनिंग परेड से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने-अपने टीम ध्वज के साथ मैदान में प्रवेश कर खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।



### स्टार स्ट्राइकर्स ने नर्मदा टाइग्रेसेस को हराया

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला स्टार स्ट्राइकर्स और नर्मदा टाइग्रेसेस के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में स्टार स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 रन से जीत दर्ज की। आकांक्षा ठाकुर ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### दूसरे मैच में रॉयल विश्वकर्मा की शानदार जीत

दूसरा मुकाबला रन राइडर्स और रॉयल विश्वकर्मा के बीच खेला गया। रॉयल विश्वकर्मा की टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए 8 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ज्योति को वूमेन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### सभी टीमों की हुई वीडियोग्राफी

परेड के बाद सभी टीमों का फोटोशूट एवं वीडियोग्राफी आयोजन समिति की सदस्य तेजल गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम में विभा पंजवानी एवं टीम बर्न बग द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं एंकर हर्षिता ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे समारोह को जीवंत बनाए रखा। टूर्नामेंट की कमेंट्री मुजफ्फर ने की, जबकि मैचों का संचालन महिला अंपायर श्रुति एवं मुस्कान ने किया।

पहले दिन हुए दोनों मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पहले मैच में आकांक्षा ठाकुर तथा दूसरे मैच में ज्योति को वूमेन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दर्शकदीर्घा में बैठे दर्शकों का उत्साह हर गेंद के साथ बढ़ता नजर आया। स्पर्धा के दौरान उपस्थित दर्शकों को भी लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कार प्रदान किए गए।

### रविवार को हुए तीन मुकाबले

टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को तीन मुकाबले खेले गए। शाम 6 बजे से शुरू हुए मैच में सक्षम नारी वॉरियर्स का सामना शक्ति स्टार्स से हुआ। इसके बाद थंडर बोल्ट्स और स्टार स्ट्राइकर्स आमने-सामने आए, वहीं तीसरा मुकाबला नर्मदा टाइग्रेसेस और रन राइडर्स के बीच खेला गया। आयोजक तेजल प्रियांश गुप्ता ने बताया कि ऐसी स्पर्धाओं से महिलाओं की खेल प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। वहीं खेलों के प्रति महिलाओं की रुचि और सहभागिता भी बढ़ रही है।



# सोमिया व आयुष का प्रदेश जूडो टीम में चयन

▸ चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में दिखाएंगे दम

**नवभारत, जबलपुर।** इंदौर के नेहरू स्टेडियम हॉल में आयोजित 'राज्य केडेट एवं जूनियर बालक-बालिका वर्ग जूडो सिलेक्शन ट्रायल्स' से जबलपुर के लिए एक बहुत ही गौरवशाली और बड़ी खुशखबरी सामने आई।

जबलपुर जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, कड़े मुकाबलों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए जबलपुर के दो होनहार खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस सिलेक्शन ट्रायल में जबलपुर की सोमिया सिद्दीकी ने -63 किग्रा केडेट वर्ग में तथा जूनियर वर्ग के +100 किग्रा मुकाबले में आयुष मिश्रा ने अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश की टीम में चयन का गौरव हासिल किया है।

### कैडेट वर्ग की प्रतियोगिता 10 से होगी

तकनीकी अधिकारी के रूप में मौजूद जबलपुर जिला जूडो संघ के सचिव व वरिष्ठ कोच आबिद हुसैन खान ने पूरी निष्पक्षता से तकनीकी व्यवस्थाओं का संचालन संभाला। श्री खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट वर्ग में चयनित सोमिया 10 से 13 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय केडेट जूडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### जूनियर वर्ग की स्पर्धा 13 से

जूनियर वर्ग के खिलाड़ी आयुष 13 से 16 जून 2026 तक चंडीगढ़ में ही आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की ओर से खेलते हुए पदक जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगे। इस सफलता पर राजकुमार मिश्रा, शायदा अली, सत्येंद्र गुरु, गौरीशंकर सार, डॉ. दीपेंद्र यादव, एडवोकेट अताउर्ररहमान अंसारी, रत्नेश सोनकर, ज्ञान भूषण दुबे, तावेज़ अली, बुशरा अंजुम आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# भ्रांतियों को दूर करने विक्रेताओं को किया प्रशिक्षित

▸ फोर्टीफाइड नमक एवं चावल के संबंध में जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**शहपुरा नवभारत 7 जून।** एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के निर्देशन में जनपद पंचायत शहपुरा के सभाकक्ष में फोर्टीफाइड परियोजना के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेताओ के प्रशिक्षण संबंधी बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में न्यूट्रीशन इंटरनेशनल एमपीवीएचए से संभागीय समन्वयक पवन मुदगल द्वारा समस्त विक्रेताओ को फूड फोर्टिफिकेशन परियोजना से अवगत कराया गया। जिसके अंतर्गत डबल फोर्टीफाइड नमक एवं फोर्टीफाइड चावल की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। सर्वप्रथम एनीमिया, उसके संकेत लक्षण एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थ के बारे में जानकारियां दी गई तत्पश्चात फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थो जैसे, डबल फोर्टीफाइड नमक एवं फोर्टीफाइड चावल के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा उनके महत्वपूर्ण गुणों को विस्तार से समझाया गया।



### नमक में काले दाने आयरन युक्त होते हैं

फोर्टीफाइड चावल एवं नमक के विषय मे ग्रामीण उपभोक्ताओं में फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया और बताया गया कि नमक में काले दाने आयरन युक्त होते हैं एवं फोर्टीफाइड चावल के दाने को चावल के आटे में विटामिन बी12, फोलिक एसिड तथा आयरन मिलाकर तैयार किया जाता है तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान में वितरित होने वाले चावल में यह एक प्रतिशत अर्थात 100 दानों में एक दाना फोर्टीफाइड पोषण युक्त चावल का होता है।

## मेडिकल सांइस यूनिवर्सिटी को बांटने पर फैसला नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने पर अभी निर्णय हुआ नहीं है, इस संबंध में कोई ठोस प्रस्ताव है, तो उसे भेजें, उस पर विचार करेंगे।यह स्पष्ट जानकारी शनिवार को प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने दूरभाष पर उपभोक्ता मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे को प्रदान की। इसके पूर्व में अपर मुख्य सचिव को दूरभाष पर बताया गया की मेडिकल यूनिवर्सिटी को हिस्सों में बांटने के प्रस्ताव से जबलपुर में आक्रोश फैला है।इस संबंध में डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्टेटयूट (परिनियम) में भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर तथा रीवा में इस यूनिवर्सिटी के 5 क्षेत्रीय समन्वय केंद्र बनाने का प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत रीजनल सेंटर बनाये न की यूनिवर्सिटी का विखंडन हो।

जबकि मेडिकल यूनिवर्सिटी के

# पल्स पोलियो, टीकाकरण व टीबी मुक्त अभियान पर जोर

▸ स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 7 जून।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत पोर्टल एंट्री के दिए निर्देश



बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 31 मई 2026 तक संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसमें एएनसी पंजीयन, गंभीर एनीमिया प्रबंधन, टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केंद्र, आयुष्मान कार्ड, गृह आधारित शिशु देखभाल, सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार तथा टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 28 जून को पल्स पोलियो अभियान

बैठक में बताया गया कि 28 जून को जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 86,224 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन बूथों पर तथा 29 और 30 जून को स्वास्थ्य दल घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की है।

### छूटे बच्चों का होगा विशेष टीकाकरण

हेडकाउंट सर्वे के माध्यम से टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान की जा रही है। 20 मई से 5 जून 2026 तक सर्वे के आधार पर ड्यू-लिस्ट तैयार कर 8 से 19 जून तक विशेष टीकाकरण कैच-अप अभियान संचालित किया जाएगा, जिससे सभी छूटे हुए बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### एड्स और हेपेटाइटिस जांच पर जोर

मिशन एड्स सुरक्षा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों में एचआईवी एवं हेपेटाइटिस-बी की जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संक्रमित पाए जाने वाले मरीजों का पंजीयन कर समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया।

# भाजपा मंडल की समस्त शक्ति केंद्रों में 20 को होगी बैठक

**अमरपुर नवभारत 7 जून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मंशानुरूप भाजपा मंडल अमरपुर की आत्मनिर्भर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेलीय चित्र पर चंदन वंदन कर बैठक की शुरुआत करते हुए सर्व प्रथम राष्ट्र गीत गाया। बैठक को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आह्वान पर हर माह की एक से सात तारीख के बीच मण्डल की बैठक होगी। इसके बाद 20 तारीख से मन की बात कार्यक्रम के पहले समस्त शक्ति केंद्रों की बैठक होगी तथा महीने के आखिरी रविवार को मन की बात के पश्चात मतदान केंद्रों की अनिवार्य रूप से बैठक हो इस सम्बंध में मण्डल अध्यक्ष ने विस्तार से अपनी बात रखी।

# प्रकृति को हराभरा रखने विद्यार्थियों ने रोपे फलदार और औषधीय पौधे

**करंजिया, नवभारत 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजिया में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

विद्यालय में इको क्लब, पर्यावरण संरक्षण क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अभियान के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर परिसर में फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधे रोपे। रोपे गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी छात्रों को सौंपी गई ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यावहारिक रूप से जमीनी स्तर तक पहुंचे।

**प्राचार्य ने दिया हरियाली का संदेश** -कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य केशव तिवारी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। शिक्षक दीपेन्द्र सिंह चौहान, कुलवंत पाटले और हेमन्त कुमार मार्को ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और पेड़-पौधों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

हादसा | बिजौरी में बड़ा हादसा टला

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार घर में घुसी




**अमरपुर नवभारत 7 जून।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजौरी मॉल में शनिवार को लगभग दोपहर 3:00 बजे उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक बगैर नंबर की कार अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसी। बताया गया कि दीवार के उस पार एक मासूम बालिका सो रही थी, जिसे उठाकर बाहर लेकर आए है और यह दुर्घटना घटित हुई। सामने का छप्पर तोड़ते हुए वाहन दीवार से जा टकराई और दीवार अंदर की ओर ही गिरा जहां बालिका सो रही थी। मकान मोजे लाल यादव का हैं एवं वाहन देवी यादव का हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद डायल 112 पुलिस वाहन मौके पर पहुंचा।

### दोनों में आपसी राजीनामा हो गया

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों में आपसी राजीनामा हो गया हैं। वाहन मालिक द्वारा दीवार बनाने को कहा गया हैं। दोनों पक्ष लिखित में राजीनामा दें दिये हैं। वाहन नया हैं अभी पंजीयन भी नहीं हुआ हैं। तो यह भी हो सकता हैं कि चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी ना हो, वाहन के दस्तावेज मंगाए ही नहीं गए हैं।




# नगर भ्रमण कर मौके पर कराया समस्याओं का समाधान

▸ अवकाश के दिन भी एक्शन मोड में दिखे प्रभारी सीएमओ

**डिंडोरी, नवभारत 7 जून।** आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोरी अवकाश दिवस पर भी पूरी सक्रियता के साथ मैदान में नजर आए। प्रभारी सीएमओ कोरी ने दोपहर 12 बजे तक नगर के विभिन्न वार्डों, जलभराव संभावित क्षेत्रों एवं प्रमुख नालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कई स्थानों पर स्वयं उपस्थित रहकर समस्याओं का तत्काल समाधान करवाया। निरीक्षण के दौरान सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही दिनभर किए गए कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट शाम तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जिससे प्रत्येक विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके और कार्यों की सतत निगरानी बनी रहे।

### स्वच्छता व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया

प्रभारी सीएमओ आशीष कोरी ने नालों की साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था, जलभराव संभावित स्थलों, सड़कों की स्थिति एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां भी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया।

### गंदगी फैलाने की शिकायत पर होगी कार्रवाई

श्री कोरी ने स्पष्ट किया कि नगर परिषद द्वारा लगातार जागरूकता एवं समझाइश के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद यदि किसी स्थान पर बार-बार कचरा फेंकने अथवा गंदगी फैलाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित व्यक्तियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नगर का निर्माण केवल प्रशासन नहीं, बल्कि नागरिकों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है।